**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–02.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती आज, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अर्पित किये श्रद्धासुमन।
2. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का किया आग्रह, आयुष्मान भव अभियान के तहत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान का लिया संकल्प।
3. कोयला कर्मियों के सितंबर के वेतन पर अगले आदेश तक लगी रोक, बीसीसीएल और ईसीएल के कर्मी भी प्रभावित।
4. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश को लेकर जारी किया येलो अलर्ट, मैथन और पंचेत डैम का बढ़ा जलस्तर, खोले गए गेट, कोयला उत्पादन और डिस्पैच प्रभावित।
5. झारखंड वुशु प्रतियोगिता में रांची की टीम बनी चैंपियन, रामगढ़ बना उपविजेता।

*********************

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ चौवनवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक विजय घाट जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने`रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन और राम धुन प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनके संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

*********************

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान जिला व्यवहार न्यायालय सरायकेला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। इस अभियान में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी और न्यायालय कर्मी शामिल रहें। इस दौरान नगर के विभिन्न मोहल्ले में साफ सफाई की गई।

*********************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का आग्रह किया। आयुष्मानभव अभियान के तहत 50 हजार से अधिक लोगों ने अपने अंग दान करने का संकल्प लिया है। इस अभियान की शुरुआत पिछले महीने गांधीनगर, गुजरात से की गई थी।

*********************

कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों को सितंबर माह के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस संबंध में कंपनी के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी ने पत्र जारी किया है। इस आदेश से धनबाद में कार्यरत बीसीसीएल के पैंतीस हजार दो सौ अनठावन कर्मी समेत कोल इंडिया के करीब ढाई लाख अधिकारी–कर्मचारी प्रभावित होंगे। जेबीसीसीआई के 11वें वेतन समझौते के बाद उत्पन्न हुई वेतन विसंगति को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर नौ अक्टूबर को सुनवाई होगी। तब तक कोल इंडिया प्रबंधन ने वेतन भुगतान को होल्ड पर रख दिया है। मुख्यालय के अगले आदेश तक यह व्यवस्था लागू रहेगी।

*********************

झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी से जुड़ कर दुमका जिले की महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

लगातार बारिश के कारण बीसीसीएल, ईसीएल और सीसीएल के कोयला उत्पादन पर काफी असर पड़ा है। बीसीसीएल में करीब 25 हजार टन कम कोयला उत्पादन हुआ। सबसे खराब स्थिति ईसीएल की रही जबकि सीसीएल में 10 हजार टन कम कोयला उत्पादन हुआ। बीसीसीएल में लोदना में बारिश के कारण कोयला उत्पादन पर असर देखा गया। फिलहाल नदी, जोरिया के किनारे की खदानों की स्थिति पर विशेष नजर रखी जा रही है। रोटेशन के आधार पर टीम बनाकर पानी के लेवल की जांच की जा रही है, ताकि खदानों में पानी का प्रवेश न हो। खुली खदानों में पानी भरने की स्थिति में अतिरिक्त मोटर पंप लगाने का आदेश मुख्यालय से एरिया प्रबंधन को दिया गया है।

*********************

पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण धनबाद के मैथन और पंचेत डैम का जलस्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए कल शाम मैथन डैम का एक गेट और गैलरी खोल दी गई है। बढ़ते इनफ्लो के कारण डीवीआरसीसी ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए पंचेत डैम से 30 हजार क्यूसेक और मैथन से 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश जारी किया है। डीवीसी के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे के अनुसार, तेनुघाट से पानी छोड़ने के कारण डैम का जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए आउट फ्लो भी बढ़ाया जा सकता है। इधर, गेट खोले जाने के बाद केंद्रीय जल आयोग ने मैथन और पंचेत डैम के निचले इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क कर दिया है। आयोग और डीवीसी एमआरओ की टीम डैम के जलस्तर पर नजर रख रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश को लेकर येलो अर्ल्ट जारी किया है।

*********************

चक्रवात के कारण धनबाद में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इससे जहां खेत–खलिहानों में पानी जमा हो गया है, वहीं दामोदर नदी का भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी के बढ़ते जल स्तर पर माडा लगातार निगरानी रखे हुए है। माडा के जामाडोबा जल संयंत्र की ओर से झरिया, धनबाद, पुटकी, लोयाबाद, करकेंद, केंदुआ समेत अन्य इलाकों में जलापूर्ति की जाती है। ऐसे में नदी के बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि मोटर पंपों को डूबने से बचाया जा सके।

*********************

लोहरदगा जिले की सात छात्राएं एकलव्य विद्यालयों के चतुर्थ राष्ट्रीय  सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला उत्सव–2023–24 प्रतियोगिता में भाग लेंगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा लोहरदगा की छात्राएं विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा के साथ देहरादून के लिए रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता कल से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगी। जिसमें देश भर के एकलव्य विद्यालय के प्रतिभागी जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया वे भाग लेंगे।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया। आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्टेडियम की

व्यवस्था से जुड़ी कई अहम दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में बिछाई गई आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया। रांची की मेजबानी में 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चौंपियनशिप का आयोजन होना है।

*********************

राज्य स्तरीय एसजीएफ खेलो झारखंड वुशु प्रतियोगिता में रांची की टीम चौंपियन बनी। रांची के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडेर स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रांची ने 19 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चौंपियन ट्रॉफी अपने नाम किया। रामगढ़ की टीम 10 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक के साथ उपविजेता रही। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि विजेताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसके बाद खिलाड़ी जनवरी में रांची में होनेवाली राष्ट्रीय स्कूली वुशु प्रतियोगिता में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

********समाप्त*********